# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024






AGRI EMPIRE
SINCE 2019
समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा,
एवं भाई दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं...
AGRI EMPIRE
GRAIN CARE
विशेषताएं
✓ हल्का वजन
✓ गीले खेतों के लिए सर्वोत्तम
✓ अधिक ग्राउण्ड क्लीयरेंस
✓ 102 एसपी शक्तिशाली इंजन
✓ 360 डिग्री प्रदर्शन
✓ कटर बार 7.25 फीट लंबा
✓ 2 एकड़ प्रति घंटा कटाई
✓ स्टेनलेस स्टील घटक
✓ कम रखरखाव वाली मशीन - पैसे के लिए मूल्य
✓ डिस्चार्ज ऑगर 360 डिग्री तक घुमता है जिससे अनाज उतारना आसान हो जाता है
✓ बहुत उपयोगी ग्राहक अनुकूल - पैसा बचाने वाला और कमाने वाला - कम टूटता है
✓ सिंगल लीवर ऑपरेशन संचालन में आसानी - कम थकान - अधिक काम - अधिक पैसा
TAFE
MASSEY FERGUSON
MKU
MODERN
कृषि उपकरण
निर्माता एवं विक्रेता
वर्मा ट्रेक्टर्स
अधिकृत विक्रेता TAFE लिमिटेड
प्रो.: तुकेश्वर वर्मा
ऑफिस & शो-रूम : रायपुर रोड, बेमेतरा, छ.ग.
Mob.: 97533 82222, 94255 16940

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बच्चों ने बनाए विविध मॉडल, प्रदर्शनी के दौरान समझाई उनकी ...



12 शासकीय विद्यालय रानो में सजाए गए सैकड़ों दीप



## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारण के बाद हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 23 के साथ पठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 05 के तहत जिला बेमेतरा अंतर्गत जनपद पंचायत बेमेतरा के 23, जनपद पंचायत नवागढ़ के 24, जनपद पंचायत साजा के 25 एवं जनपद पंचायत बेरला के 25 जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण कर परिशिष्ट-एक में अधिसूचना जारी कर प्रारंभिक प्रकाशन 28 अक्टूबर को किया गया। उक्त निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी वयस्क निवासी को जारी अधिसूचना में कोई आपत्ति हो, तो 4 नवम्बर तक प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय-सीमा में प्राप्त आपत्तियों व सुझावों पर विचार करने के बाद अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### 231 पौवा शराब के साथ 3 आरोपी पकड़ाए




**बेमेतरा।** अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में आबकारी विभाग ने 3 आरोपियों को पकड़कर उनसे 231 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद किया है। आबकारी विभाग की उपनिरीक्षक निवेदिता मिश्रा को मुखबीर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र नवागढ़ के ग्राम चाकपेंड्र से मोतिमपुर मार्ग पर अवैध शराब का परिवहन हो रहा है। मुखबीर के बताए स्थान पर आबकारी टीम ने उक्त मार्ग पर अस्थाई नाका लगाया गया। नाका में संदिग्धता के आधार पर वाहनों की तलाशी ली गई। जांच तलाशी के दौरान आरोपी तुलाराम राजपूत, मोहित राजपूत और रंजीत श्रीवास के वाहन से 231 नग देशी मदिरा प्लेन बल्क लीटर मात्रा 41.560 शराब बरामद हुई। आबकारी टीम ने मौके पर ही बरामद मदिरा को जहां सील बंद किया, वहीं अवैध शराब के परिवहन तौर पर उपयोग किए जाने वाली एक दोपहिया वाहन भी जब्त की। आरोपियों के विरुद्ध धारा-34(2)59(क)34(1)(क) का अपराध दर्ज कर कारवाई की गई। गैर जमानती धारा होने पर तीनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर रिमांड लिया गया। उक्त कारवाई में आबकारी वृत्त नवागढ़ प्रभारी एवं उपनिरीक्षक निवेदिता मिश्रा, आरक्षक महेंद्र नाग सहित अन्य स्टाफ शामिल रहे।

### पर्व : जिला मुख्यालय के चौराहों से लेकर फुटपाथ में भी सजी दुकानें

# आज धनतेरस के साथ होगी दीपावली की शुरुआत, ग्राहकों के स्वागत में सजा बाजार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दिवाली पर्व के लिए बाजार में रंगोली से लेकर साज सजावट एवं दीए की दुकानें सज चुकी हैं। आज धनतेरस मनाया जाएगा।पांच दिनों तक मनाए जाने वाले दीपावली के पहले दिन धनतेरस को लेकर कपड़े, ज्वेलरी, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य दुकानों में बड़ी मात्रा में सामानों का स्टॉक किया गया है। वहीं, लोगों ने पर्व के पूर्व से ही खरीदी भी शुरू कर दी है। व्यापारी भी ग्राहकों को लुभाने के लिए कई तरह के ऑफर दे रहे हैं। सुख समृद्धि और वैभव का पर्व दीपावली पर आज 29 अक्टूबर धनतेरस से प्रारंभ हो रहा है। व्यापारियों को आज जमकर खरीदारी होने का भरोसा है। पंचांगों के अनुसार आज 29 अक्टूबर को धनतेरस, 30 को रूप चतुर्दशी, 31 को दीपावली एवं 2 को गोवर्धन पूजा तथा 3 को भाई दूज मनाया जाएगा। इसे लेकर लोगों ने जहां अपने घरों में साफ सफाई व रंग पुताई का कार्य पूरा कर लिया है। वहीं, अब पर्व के लिए खरीदारी करने का क्रम शुरू हो गया है।

- ग्राहकों को लुभाने व्यापारी दे रहे हैं कई तरह के ऑफर

### सुबह से देर शाम तक चहल-पहल

ज्ञात हो कि दीपावली पर्व के लिए जहां स्थानीय बाजार की दुकानों में पूर्व से ही सामानों का स्टॉक कर लिया जाता है। वहीं, फेरी वाले से लेकर ग्रामीण इलाकों से भी लोग शहर आकर अपनी अपनी दुकानें सजा कर रखते हैं। ग्रामीण बाजारों में भी पूर्व से ही पर्व संबंधित साज सजावट एवं तैयारी कर ली जाती है। अब जब दीपावली पर्व की शुरुआत आज 29 अक्टूबर से होना है ,ऐसे में बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। व्यवसायियों के अनुसार नवरात्र से ही बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। लोग पर्व के लिए खरीदी करने जुटे हुए हैं। माना जा रहा है कि आगामी दिनों में शहरी सहित ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति बननी शुरू हो जाएगी।

### बेहतर व्यवसाय की उम्मीद

इधर बाजार में महीने भर पूर्व से ही पटाखा, रंग बिरंगी रंगोली, मिट्टी के विभिन्न प्रकार के पात्र सहित मां लक्ष्मी एवं दिए से लेकर साज सजावट की सामग्रियों की दुकान लग चुकी हैं। बाजार में दुकानों में कपड़ा ,ज्वेलरी, बर्तन, फर्नीचर ,इलेक्ट्रॉनिक आइटम सहित अन्य दुकानों में खरीदी के लिए लोगों की बेहतर स्थिति बनने लगी है। सुबह से देर शाम तक लोग खरीदारी करने के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। इस वर्ष बेहतर व्यवसाय होने की व्यापारियों द्वारा उम्मीद जताई जा रही है।

### कृषि उपज मंडी परिसर में पटाखे की दुकानें

शहर के कृषि उपज मंडी परिसर में पटाखे की दुकानों का आवंटन हो चुका है। पटाखा व्यापारी इन दिनों अपनी अपनी दुकानों को सजा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि दिवाली पर्व के दौरान बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोगों के बीच पटाखे की मांग बनी रहती है। लिहाजा शहरी सहित ग्रामीण इलाकों के लोग पटाखा खरीदी करने दुकानों में पहुंचते हैं।

## मिट्टी के दीए बेचने वालों से प्रशासन नहीं लेगा कोई कर

**बेमेतरा।** दीपावली के अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले में परंपरागत मिट्टी के दीयों के विक्रय को बढ़ावा देने के विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में विक्रय के लिए लाया जाता है। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम, नगर पालिका अधिकारियों और सीईओ जनपद को निर्देशित किया है कि कुम्हार और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले दीया विक्रेताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका संपूर्ण ध्यान रखा जाए।

कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में इन विक्रेताओं से किसी भी प्रकार का कर न वसूला जाए। इसके अलावा, उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी के दीयों का उपयोग करें और दीयों से दीपावली को उज्जवल बनाएं। इस पहल का उद्देश्य न केवल कुम्हारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देना है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे स्थानीय बाजारों में मिट्टी के दीयों के विक्रय के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराएं ताकि इन विक्रेताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर के इस निर्णय से जिले में मिट्टी के दीयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और स्थानीय कारीगरों का हौसला भी बढ़ेगा।

- कलेक्टर ने नागरिकों से की पारंपरिक मिट्टी के दीयों का उपयोग करने की अपील

## कलेक्टर कार्यालय परिसर में बिहान बाजार आज




**बेमेतरा।** दीपावली पर्व के अवसर पर आज 29 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय परिसर में बिहान बाजार का आयोजन किया जाएगा। इस बाजार में स्वसहायता समूह की महिलाएं अपने हाथों से निर्मित दीप, पूजन सामग्री, धूप, अगरबत्ती, फ़ोटो, आरती थाली, सजावट का सामान और रंगोली सामग्री बिक्री हेतु उपलब्ध कराएंगी। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को बढ़ावा देना है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के सभी अधिकारियों से अपील की है कि वे दिवाली के लिए आवश्यक सामग्री की ख़रीदारी इस बाजार से करें। स्वसहायता समूह की महिलाएं अपनी मेहनत और कौशल से दीपावली की सभी आवश्यक सामग्रियों को तैयार कर रही हैं, जिससे लोगों को स्थानीय और किफायती विकल्प मिल सके। कलेक्टर ने इस प्रयास को सभी के सहयोग से सफल बनाने का आग्रह किया है।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ने का लगाया आरोप

# कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय के सिग्नल चौक पर नारेबाजी करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन कर उनसे इस्तीफा मांगा। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल ने कहा कि राज्य में प्रतिदिन हो रही घटना साबित करने के लिए पर्याप्त है कि राज्य की कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। अपराधिक घटनाएं रोक पाना राज्य सरकार के लिए मुश्किल है। सरकार को सामूहिक इस्तीफा दे देना चाहिए या इस सरकार की बखाप्त करके राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए। श्री पटेल ने कहा कि सरकार की अकर्मण्यता के कारण बलरामपुर में महिलाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया। जनता को अब सरकार पर भरोसा नहीं है। दुर्भावनापूर्वक कार्रवाई के कारण ही यह सभी घटनाएं घट रही हैं। साय सरकार पटरी से उतर गई है। राज्य की कानून व्यवस्था बिगड़ गई है, जिसका विरोध जनता सड़क पर उतर कर कर रही है।

सरकार के निर्णय के कारण बलौदाबाजार कांड हुआ। कवर्धा में जनता ने न्याय की उम्मीद छोड़ दी है। पुतला दहन प्रदर्शन के मौके पर जिला व कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीआर जनार्दन, सनतधर दीवान, देवदत्त वर्मा, घासी वर्मा, बहल वर्मा, राजू साहू, ईश्वरी साहू, जिला अध्यक्ष इंटूक नेमी वर्मा, आशीष मिश्रा, जावेद खान, नंदू साहू व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## त्योहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका, होटल व मिठाई दुकानों में दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम लगातार कर रही जांच व कार्रवाई



खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा दीपावली की त्यौहारी सीजन में जिला अंतर्गत, मिठाई दुकान, होटल, किराना दुकान, बेकरी शॉप, खाद्य निर्माता फर्म इत्यादि खाद्य प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण एवं सैम्पलिंग की कार्रवाई की जा रही है। जिला बेमेतरा के अंतर्गत विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठान जैसे कृष्णा डेयरी नवागढ़ से पनीर, मीठा दही, रॉबी स्वीट्स बेमेतरा से पेड़ा, सरस्वती स्वीट्स से कलाकंद, बीकानेर स्वीट्स बेरला से पेड़ा एवं बेसन लड्डू, करणी मां बीकानेर स्वीट्स साजा से छेना चमचम, हेमंत होटल थानखम्हरिया से बालुशाह, गुप्ता स्वीट्स एवं दोसा सेंटर बेमेतरा से खोबा बर्फी इत्यादि के 9 खाद्य नमूने गुणवत्ता जांच के लिए लिए गए। सभी नमूनों को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

इसी क्रम में विगत दिनों में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से 67 खाद्य नमूनों की जांच की गई थी, जिनमें से अमानक पाए गए 08 खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत प्रावधानों का पालन के लिए खाद्य व्यवसायी को प्रतिष्ठान में साफ सफाई रखने व किसी भी तरह से अमानक खाद्य पदार्थ/मिठाईयों का विकय नहीं करने निर्देश दिया जा रहा है। साथ ही फर्म रामेश्वरी ट्रेडर्स बेरला से मिथ्याछाप स्तर के पाए गए नुपूर कोरिएंडर पाउडर पैक्ड, फर्म मंडेला स्वीट्स बेमेतरा से अमानक स्तर के कलाकंद तथा फर्म दीपक होटल बेमेतरा से अमानक स्तर के बालुशाही तथा बिना खाद्य लाइसेंस के संचालित करने पर फर्म मुरारी फेमिली रेस्टॉरेंट एण्ड स्वीट्स इत्यादि का प्रकरण खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम में शामिल राजू कुर्रे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं नमूना सहायक कमल प्रसाद ने आमजन से अपील की है कि खुले एवं पैक्ड खाद्य पदार्थों के उत्पादन एवं अवसान तिथि की पूर्ण जानकारी खाद्य कारोबारकर्ता से लेने के बाद ही उनकी खरीदी कर उनका उपभोग करें।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### नगर पंचायत भिंभौरी में डेढ़ करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य

**बेमेतरा।** विधायक दीपेश साहू के प्रयासों से नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भिंभौरी नगर पंचायत को एक करोड़ पचास लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगात मिली है। मिली जानकारी के अनुसार इसमें वार्ड क्र. 01 ओचटी से बाजार चौक तक पाइप लाइन विस्तार कार्य के लिए 28 लाख 52 हजार रूपए की स्वीकृति मिली है। इसी तरह वार्ड क्र. 05 में पाइप लाइन विस्तार कार्य के लिए 23 लाख 82 हजार, वार्ड क्र. 01 ओटची के पास ऑफिस बिल्डिंग का निर्माण कार्य के लिए 49 लाख 69 हजार, वार्ड क्र. 09 में आरसीसी रोड कवर सहित नाली निर्माण 14 लाख 18 हजार, वार्ड क्र. 09 में सीसी रोड निर्माण 4 लाख 92 हजार, बाजार चौक से खुड़मुड़ी रोड के दोनों तरफ आरसीसी नाली निर्माण कार्य 6 लाख 24 हजार की स्वीकृति मिली है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 1 में सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्र. 14 में आरसीसी नाली निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इस तरह नगर पंचायत भिंभौरी को 1 करोड़ 50 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति राशि प्रदान की गई है। भिंभौरी नगर पंचायत को नई सौगात मिलने पर विधायक साहू ने कहा कि बेमेतरा विधानसभा की जनता ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रयासरत हूँ। आपके सुझाव और क्षेत्र के विकास के साथ हम मिलकर समृद्ध बेमेतरा के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए मिलकर आगे बढ़ेंगे।

### ग्राम अंडा में श्री शिव महापुराण कथा 4 से

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा मिलपारा (आरा मशीन) मोहल्लावासी एवं समस्त ग्रामवासी अण्डा के तत्वावधान में श्री शिव महापुराण कथा 4 नवंबर से रखी गई है। प्रवननकर्ता भगवताचार्य बालव्यास पं. सौरभ शर्मा (बाबू महाराज) अरमरीकला वाले महाराज होंगे। प्रतिदिन सुबह 09 बजे पार्थिव शिवलिंग पूजा कथा क्रम उत्सव दोपहर 01 बजे से शिव इच्छा तक 04 नवम्बर सोमवार कलश यात्रा, शिवमहापुराण महात्म, चंचुला कथा, 5 नवम्बर मंगलवार नारद मोह, कुबेर पूर्ण चरित्र, शिवलिंग, 6 नवम्बर बुधवार सृष्टि वर्णन, अर्धनारीश्वर कथा, 7 नवम्बर गुरूवार सती शिव चरित्र, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह,दिनांक 08 नवम्बर को राम जन्म, भस्मासुर कथा सुनाई जाएगी।

आयोजन : ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में लगाई गई दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी

# बच्चों ने बनाए विविध मॉडल, प्रदर्शनी के दौरान समझाई उनकी कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी विकसित भारत के लिए नवाचार का आयोजन किया गया है। इसमें बाल वैज्ञानिकों ने शानदार मॉडल प्रस्तुत किये, जिनका अतिथियों एवं अभिभावकों ने अवलोकन कर बाल वैज्ञानिकों की सराहना की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे, नरेन्द्र वर्मा जिला मिशन समन्यवक (राजीव गाँधी शिक्षा मिशन), सुनील झा समग्र शिक्षा, निलय पाण्डेय, धनंजय शर्मा, पूनम कुमार साहू, डोमेन्द्र पाण्डेय, कुन्दन जयसवाल शामिल हुए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी श्री बंजारे ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम बहुत ही सहयोग साबित होता है। इस विज्ञान प्रर्दशनी से विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त होती हैं, जिससे विद्यार्थियों के मन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत होता है। उन्होंने इसरो का उदाहरण देकर बताया कि हमारा भारत देश मंगल ग्रह पर पहुँच चुका है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे ने बच्चों द्वारा बनाए विभिन्न विज्ञान मॉडल का अवलोकन कर उनके साथ वार्तालाप किया।




### इन मॉडलों का किया गया प्रदर्शन

बच्चों ने विभिन्न मॉडल जैसे लाजिक गेट, इलेक्ट्रोमेग्नेटिक क्रेन, आर्मी बेस कैम्प, मानव मस्तिष्क, सूक्ष्मदर्शी, होलोग्राम, वाटर लेवेल इंडिकेटर, ओज़ोन चक्र, डीएनए मॉडल, फ्री एनर्जी उत्पादक, टेसला चक्र और गणित के मॉडल का प्रदर्शन किया । कक्षा चौथी से बारहवी तक कुल 153 मॉडल बनाए गए है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्या डॉ अलका तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दुष्यंत कुमार साहू एवं शिक्षक भूपेंद्र साहू ने तथा आभार प्रदर्शन डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में दिप्ती साहू अमृत साहू, अजय चंद्राकार, पूरन साहू, अभिलाषा शर्मा, राजकुमार साहू, निर्मला साहू, किरण अग्रवाल, विकास शर्मा, देविका साहू, ज्योति निषाद, रिया नामदेव, रविशंकर वर्मा, मानदास चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

# दर्री स्कूल में बच्चों ने सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति से मोहा मन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल दर्री में दीपावली के पर्व को देखते हुए शनिवार को सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा पहली से आठवीं, नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता एवं पारंपरिक सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला कौशल से अनूठी छटा बिखेरी। सभी विद्यार्थियों ने पारंपरिक सुवा नृत्य एवं मिट्टी के दीपों को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाकर अपनी कला से सबका मन मोह लिया। प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह नेताम ने कहा कि शिक्षा और कला जीवन पर चलने वाली सतत प्रक्रिया है।

सभी छात्र-छात्राओं को दीपावली की बधाई देते हुए सभी को सूचित किया कि सभी विद्यार्थी सावधानी पूर्वक ही पटाखे फोड़ेंगे जिससे कपड़े एवं शरीर को कोई हानि ना पहुंचे और हमारी वजह से कोई भी आमजनों को समस्याओं से ना उलझना पड़े। इस मौके पर हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह नेताम, पूर्व मा.शाला. प्रभारी प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे, शिक्षक गोविंद कुमार सोनकर, स्वयं सेवी शिक्षक दुर्गा सेन, ऋतु राजपूत, निखिल पाटिल, श्रेया साहू एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।


# शासकीय विद्यालय रानो में सजाए गए सैकड़ों दीप




**बेमेतरा।** साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने रविवार को अपनी शाला को सैकड़ों दीपों से सजाया। इसके लिए शिक्षिका कुछ दिन पहले से ही प्रयास में जुट गई थी। उन्होंने इस आयोजन के लिए मिट्टी के दीयों का उपयोग किया, ताकि क्षेत्रीय व्यवसाय को भी बढ़ावा मिले। इस अवसर पर छोटा सा दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मंशाराम साहू ने मां शारदे की पूजा अर्चना की। आयोजन की अगली कड़ी में शाला के प्रधान पाठक किशुन राम साहू ने हिंदू धर्म एवं संस्कृति में इस पर्व को मनाने के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि त्रेता युग में इस दिन प्रभु श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस आए थे। उनके आने की ख़ुशी में ही समस्त अयोध्या वासियों ने अयोध्या को दीपों से सजाया था। तभी से यह दिन दीपावली के नाम से मनाया जाता है।

संस्था के शिक्षक अवधराम वर्मा ने इस कार्यक्रम को काफ़ी काबिले तारीफ़ बताया तथा सभी को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि जैन धर्म में भी दीपावली पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। जैन धर्म में इस पर्व को मनाने के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि कार्तिक कृष्ण अमावस्या को जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर प्रभु महावीर को निर्वाण प्राप्त हुआ था तथा उनके प्रमुख गणधर गौतम स्वामी को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ था।

अतः प्रभु महावीर को याद करते हुए जैन धर्म में भी इस पर्व को मनाया जाता है। उन्होंने सभी बच्चों से सावधानी से दीपावली मनाने को कहा। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष मंशाराम साहू, संस्था प्रमुख किशुन राम साहू, सीएसी सरोज कुमार यदु, शिक्षक अवध राम वर्मा तथा स्वयं शिक्षिका एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बच्चों को स्वयं के हाथों से सजाकर दीपक उपहार दिया।



# जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा बनाई गई भाजपा की सक्रिय सदस्य

- मंडल अध्यक्ष मोंटी और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय ने बनाया सक्रिय सदस्य

**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र व्यापी सदस्यता महाअभियान में एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी में नए सदस्य जोड़े जा रहे हैं, वहीं पुराने सदस्यों का भी संगठन में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करना है। भाजपा संगठन के निर्देशों के अनुरुप जिन प्रारंभिक सदस्यों ने अपने माध्यम से भाजपा संगठन में न्यूनतम 100 सदस्यों को जोड़ा है, उन्हें सक्रिय सदस्यों की श्रेणी में रख कर उनके लिए 100 रुपये के रसीद के साथ पार्टी में सक्रिय सदस्य बनाया जा रहा है। उन्हें मंडल अध्यक्ष या संगठन द्वारा नियत किए गए पदाधिकारियों के माध्यम से सक्रिय सदस्य बनाया जाना है। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी को मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य की रसीद काटकर संगठन का सक्रिय सदस्य बनाया। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि भाजपा का सक्रिय सदस्य बनना सौभाग्य की बात है।

# कलार समाज की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


- गांधी भवन बेसिक स्कूल मैदान में हुई समाज की बैठक

छत्तीसगढ़ कलार समाज बेमेतरा की बैठक गांधी भवन बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश संरक्षक दीपक डडसेना, बिरेंद्र जयसवाल अध्यक्ष बेमेतरा, बिंदिया जयसवाल महिला अध्यक्ष बेमेतरा, अशोक जयसवाल बेमेतरा, ईश्वर सिन्हा मंडलेश्वर बेरला अजय सिन्हा नवागढ़ सहित समाज के अनेक लोगों की उपस्थिति में भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य आतिथि ने कहा कि अपने लक्ष्य पर अडिग रहकर कार्य करने से सफलता अवश्य मिलती है। सकारात्मक विचार धारा से व्यक्ति एवं समाज का विकास संभव है। बेमेतरा अध्यक्ष बि रें द्र जयसवाल ने समाज में मातृ शक्ति की सहभागिता को सराहा। जिला महामंत्री मोहन सिन्हा ने बताया कि बैठक में राज्योत्सव में होने वाले माता बहादुर कलारिन अलंकरण सम्मान समारोह के बारे में जानकारी सहित आने वाले त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में सामाजिक लोगों को जन प्रतिनिधि बनाने में आवश्यक सहयोग करने पर जोर दिया गया। वहीं, कार्तिक सप्तमी को पूरे जिले में भगवान सहस्त्र बाहु जयंती मनाने को लेकर अनेक महत्वपूर्ण लिए गए। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक प्रकरणों का निपटारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप जयसवाल व आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री मोहन सिन्हा ने किया। इस अवसर प्रदेश युवा उपाध्यक्ष देवलाल सिन्हा, हुकुम सिन्हा, बिरेंद्र जयसवाल, मोहन सिन्हा, शिवझडी सिन्हा, जिला अध्यक्ष युवा मंच कुलेश्वर सिन्हा, मनोज सिन्हा, कामता सिन्हा, अशोक सिन्हा, रघुवीर सिन्हा, दीपक सिन्हा, कामता सिन्हा सहित युवा मंच महिला मंच सहित अधिक संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# शैक्षणिक भ्रमण में अबू धाबी पहुंचे एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों के समूह ने दुबई और अबू धाबी की एक अनोखी और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक यात्रा का हिस्सा बनकर आधुनिक तकनीक, सांस्कृतिक धरोहर और साहसिक अनुभवों से परिपूर्ण स्थलों का भ्रमण किया। इस पांच दिवसीय यात्रा में विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान और दृष्टिकोण को व्यापक करते हुए अनमोल और अविस्मरणीय क्षणों का अनुभव किया।

दुबई पहुंचकर विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे फूलों से सजाए मिरेकल गार्डन का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने फूलों से निर्मित कलात्मक संरचनाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उसके बाद, डाऊ क्रूज़ राइड का आनंद लिया। विद्यार्थियों ने दुबई का हृदय कहे जाने वाले डाउन टाउन का क्रूज़ के माध्यम से भ्रमण किया एवं चारों तरफ स्थित दुबई के प्रसिद्ध स्मारकों को देखा। फेरारी वर्ल्ड में विश्व विख्यात कारों के विभिन्न मॉडल्स देखे। उसी तरह फेरारी कारों के निर्माण पर बनी डॉक्यूमेंटरी फिल्म देखी, जिसमें विश्वविख्यात फेरारी कारों के निर्माण के विषय में जानकारी प्राप्त की।

विद्यार्थियों ने म्यूज़ियम ऑफ़ द फ्यूचर का दौरा भी किया, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों का अनुभव किया, जो आने वाले समय में मानवता के विकास की संभावनाओं को दर्शाता है। इसके बाद जुमेरा बीच पर सैंड और सन का आनंद लेते हुए दुबई मॉल का भ्रमण किया, अंडरवाटर ज़ू और एक्वेरियम में विभिन्न समुद्री जीवों का अविस्मरणीय अनुभव लिया। विद्यार्थियों ने बुर्ज खलीफा की 124वीं एवं 125वीं मंजिल से दुबई का भव्य दृश्य और दुबई फाउंटेन शो का आनंद लिया।

अबू धाबी के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में भारतीय संस्कृति का अनूठा अनुभव लिया। इसके बाद शेख जायद ग्रैंड मस्जिद की वास्तुकला और शांति का अनुभव किया। दुबई के प्रसिद्ध दुबई फ्रेम से पुराने और नए दुबई का अनोखा नज़ारा देखने के बाद, विद्यार्थियों ने रेगिस्तानी सफारी का रोमांचक अनुभव किया और स्थानीय व्यंजनों के स्वाद का आनंद लिया। आखिरी दिन, विद्यार्थियों ने दुबई के प्रतिष्ठित स्कूल जेम्स मॉडर्न एकेडमी में स्कूल एक्सचेंज प्रोग्राम में भाग लिया। यहाँ विद्यार्थियों ने जेम्स मॉडर्न एकेडमी में चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त की, साथ ही वहां की स्किल्ड लैब्स और उनकी कार्यप्रणाली को भी समझा। उन्होंने वहां के छात्र परिषद के सदस्यों से मुलाकात कर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### यह यात्रा मेरे जीवन का अविस्मरणीय अनुभव : जतिन

इस यात्रा को लेकर कक्षा 10वीं के छात्र जतिन अग्रवाल ने कहा, कि यह यात्रा मेरे जीवन का अविस्मरणीय अनुभव है। स्कूल के प्राचार्य पंकज जोशी ने कहा, कि विद्यार्थियों को शिक्षा के पारंपरिक तरीकों से परे जीवन के विविध पहलुओं से अवगत कराने का हमारा सतत प्रयास है। इस तरह की अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक यात्राएं हमारे विद्यार्थियों में वैश्विक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास करती हैं, जो उनके शैक्षणिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और उनके भविष्य को नया आकार देने में सहायक होगा। स्कूल की संचालिका भावना बोहरा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, /"हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न संस्कृतियों और विविधताओं से परिचित कराना है, जिससे उनका दृष्टिकोण और भी व्यापक हो सके।

टैटू (गोदना) मिटाये
नई लेज़र तकनीक द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
8 रात व 9 दिन
Ex हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
29 अप्रैल से 07 मई 2025, 04 मई से 12 मई 2025
10 मई से 18 मई 2025, 15 मई से 23 मई 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130